
# सीएम डॉ . यादव ने किया शनि मंदिर के वर्ल्ड रिकॉर्ड संग्रह का विमोचन



नवभारत न्यूज

**धार। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भाभरा प्रवास के दौरान दत्तीगांव बंगले पर भंवर मृत्युंजयसिंह दत्तीगांव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान शनि शीतला माता मंदिर का चित्र भेंट किया गया।। मुख्यमंत्री डॉ.यादव द्वारा राजगढ़ के श्री बरगद वाले शनिदेव मंदिर को प्राप्त वैश्विक उपलब्धियों ( वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ) का विमोचन किया।**

जानकारी अनुसार भंवर दत्तीगांव द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव को 51 किलो की पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। जान्हवी सिंह दत्तीगांव द्वारा पुष्प गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक कार्यकर्ता अक्षय भंडारी के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप अति प्राचीन श्री शनि मंदिर को विश्व की 11 प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा प्रदान किए वर्ल्ड रिकॉर्ड्स प्रमाण पत्रों का विमोचन किया। भंवर मृत्युंजय सिंह, मंदिर समिति के सदस्य निलेश सोनी और अक्षय भंडारी ने सीएम को मंदिर की प्राचीनता, धार्मिक एवं ऐतिहासिक विशेषताओं तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। स्वागत के अवसर पर राजीवसिंह ठाकुर, दिनेश पाण्डे, सरपंच प्रति.मुनसिंह वसुनिया, महेश पंडित, प्रकाश पंडित,कान्हा जी सिंदडा, अंतिम राठौड़, अक्षय भंडारी, मितांशु सोनी,मोहित वागरेचा, महेश शर्मा, सचिन परदेशी, विक्की भाटी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गौरतलब है कि श्री बरगद वाले शनिदेव मंदिर को वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, अमेजिंग वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, ओएमजी बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, आईईए बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स, एशिया कालिंग एक्सीलेंस बुक ऑफ रिकार्ड्स, लिंकन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स सहित 11 प्रतिष्ठित रिकॉर्ड संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है।

### दुर्लभ सिंदूरी स्वरूप में शनि-सूर्य पूजन का अद्वितीय संयोग

इसके अतिरिक्त पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अग्रणी संस्था एप्लाइड एनवायरनमेंटल रिसर्च फाउंडेशन ने भी मंदिर परिसर में स्थित ऐतिहासिक विशाल बरगद वृक्ष के संरक्षण हेतु मंदिर समिति को सम्मानित किया है।मंदिर की प्रमुख विशेषताओं में बरगद वृक्ष की जड़ों के मध्य स्वयंभू शनिदेव प्रतिमा का विराजमान होना, विश्व में अत्यंत दुर्लभ सिंदूरी स्वरूप में शनिदेव की पूजा, शनि-सूर्य का अद्वितीय संयोग तथा प्रकृति देवो भव: की भारतीय संस्कृति के अनुरूप पर्यावरण-अनुकूल वास्तुकला शामिल है।इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंदिर समिति एवं राजगढ़ नगरवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था एवं पर्यावरण संरक्षण का यह अद्वितीय संगम पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत है।यह उपलब्धि न केवल राजगढ़ नगर, बल्कि संपूर्ण धार जिले एवं मध्यप्रदेश के लिए गौरव का विषय है।

# हॉस्टल पर चला निगम का बुलडोजर

इंदौर. नगर निगम गुरुवार को खातीवाला टैंक में आवासीय अनुमति पर गलत निर्माण को लेकर कार्रवाई की. भवन मालिक द्वारा आवासीय स्वीकृति पर हॉस्टल का निर्माण किया गया था. निगम ने उक्त मकान पर रिमूवल कार्रवाई कर अवैध निर्माण तोड़ दिया.



आज नगर निगम झोन 12 में गुरु गोविंद सिंह जी उद्यान के पास 218 खातीवाला टैंक पर आवासीय अनुमति के विपरीत व्यवसायिक निर्माण करने की शिकायत मिली थी. आयुक्त क्षितिज सिंघल ने क्षेत्रीय भवन अधिकारी को जांच के निर्देश दिए थे. जांच में खातीवाला टैंक स्थित 218 नंबर प्लॉट पर 12 से 13 कमरे का हॉस्टल बनाया गया था. साथ ही मौके पर हॉस्टल के फ्रंट, साइड एवं बैक एवं फुटपाथ पर भी अवैध निर्माण करना पाया गया. आज नगर निगम रमूवल विभाग ने उक्त हॉस्टल के फ्रंट एवं साइड एमओएस तथा फुटपाथ पर से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई. इस दौरान भवन अधिकारी राहुल रघुवंशी, भवन निरीक्षक अनुभूति मडावी एवं रिमूवल विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

# श्रृगेंश्वर महादेव और नरसिंहदेवला धाम पर 29 को श्रद्धा से मनेगी गुरु पूर्णिमा

## भक्तों के लिए महाप्रसादी भंडारे का आयोजन होगा

**सरदारपुर।** गुरु पूर्णिमा 29 जूलाई को आ रही है। श्रृंगेश्वर महादेव धाम, नरसिंहदेवला धाम पर गुरु भक्तों का तांता लगने के साथ श्रद्धा से गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी। गुरु भक्तों के लिए विशाल भंडारे महाप्रसादी का आयोजन भी समिति ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।

श्रृगेश्वर महादेव धाम के रामेश्वर गिरीं महाराज के शिष्य संतोष गिरी महंत ने बताया कि प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा श्रद्धालुओं द्वारा उत्साह उमंग और श्रद्धा के साथ मनाई जाती आ रही है। गुरु पूर्णिमा पर गुजरात राज्य के अलावा धार, झाबुआ जिले के हजारों श्रद्धालु शामिल होकर इस आयोजन के साक्षी बनेंगे। भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यहां के महंत संतोष गिरी ने बताया कि 5 से 6 हजार श्रद्धालुजन इस आयोजन पर शामिल होकर गुरु पूर्णिमा का लाभ दर्शन और महाप्रसादी लेंगे। इधर ग्राम नरसिंहदेवला में भी प्राचीन भगवान नरसिंह धाम पर गुरु पूर्णिमा को लेकर तैयारियां चल रही है, यहां भी दूरदराज से भक्तजन दर्शन लाभ लेकर महाप्रसादी का लाभ लेंगे। तो वहीं नगर के पूराने नेशनल हाईवे मार्ग पर स्थित बलदेव हनुमान नवग्रह शनि मंदिर पर भंडारे के साथ गुरु पूर्णिमा मनाई जाएगी।

# जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे...

## मुकेश के जन्मदिन पर 'सदाबहार मुकेश प्यार का एहसास' का आयोजन

**इंदौर.** महान प्लेबैक सिंगर स्वर्गीय मुकेश के जन्मदिन पर संस्था स्वरोधाम ने संगीतमय संध्या 'सदाबहार मुकेश प्यार का एहसास' का आयोजन किया. ढाई घंटे चली संगीत संध्या में 25 सदाबहार गीतों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद संगीत प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया.

कार्यक्रम का शुभारंभ सिंगर शंकर शर्मा ने लोकप्रिय गीत 'ये कौन चित्रकार है' से किया. इसके बाद उन्होंने श्रोताओं को समर्पित 'जो तुमको हो पसंद वही बात करेंगे' प्रस्तुत कर आत्मीय वातावरण बना दिया. राजेश्वरी ने अपनी सुमधुर आवाज़ से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और शंकर शर्मा के साथ प्रस्तुत उनका युगल गीत 'दो कदम तुम भी चलो, दो कदम हम भी चलें' खूब सराहा गया. ख्यात गायक सुनील मेहता ने 'तारों में सजके अपने सूरज से धरती चली मिलने' की शानदार प्रस्तुति देकर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी. इसके बाद शंकर शर्मा के साथ उनका प्रस्तुत युगल गीत 'सात अजूबे इस दुनिया में, आठवीं अपनी जोड़ी' कार्यक्रम के यादगार पलों में शामिल रहा. शंकर शर्मा की प्रस्तुतियाँ कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहीं. लंबे समय से संगीत प्रेमियों की इच्छा थी कि वे एक बार फिर मुकेश के सदाबहार गीतों को मंच पर सुनें. श्रोताओं की फरमाइश पर वे एक के बाद एक गीत प्रस्तुत करते रहे और पूरा सभागार तालियों की गूंज से बार-बार भर उठता रहा. कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी के वरिष्ठ उद्घोषक विद्याधर मुले ने किया. उन्होंने अपने सहज और रोचक अंदाज़ में मुकेश के जीवन, उनके संघर्ष, संगीत यात्रा तथा उनके गीतों से जुड़े अनेक रोचक प्रसंग श्रोताओं के साथ साझा किए.




# शोभायात्रा के साथ हुआ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**इन्दौर. स्थानीय गीता भवन में गुरुवार को भव्य श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ. कथा के प्रथम दिन दोपहर तीन बजे मंगल कलश के साथ आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल ( गीता भवन ) पहुंची.**

कथा स्थल पर पहुँचकर प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत माहात्म्य एवं मंगलाचरण का पाठ विद्वतजनों द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया. इस सात दिवसीय धार्मिक आयोजन में वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास गोपाल कृष्ण शास्त्री महाराज अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराएंगे. इस कथा का आयोजन चौखानी परिवार द्वारा किया जा रहा है. मुख्य आयोजक अनिरुद्ध चौखानी, विना अरुण चौखनी एवं समस्त चौखनी परिवार है.



## एक नजर में

### लेडगांव के युवा शांतिलाल सुरलाया का निधन



**सरदारपुर।** मोतीलाल सुरलाया के बड़े सुपुत्र, रामकिशन सुरलाया के बड़े भाई, तथा अरुण एवं अनिकेत सुरलाया के पिता शांतीलाल सुरलाया का निधन 22 जुलाई को हो गया है। लेडगव नगर के मुक्तिधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। शांतिलाल सुरलाया कई दिनों से एक बीमारी से पीड़ित थे, लेकिन घर वालों ने भी इलाज करने में हार नहीं मानी शांतिलाल सरल स्वभाव एवं हंसमुख थे सभी के प्रिय थे। अंतिम यात्रा में परिवारसमाज जन नगरवासी सभी के द्वारा श्रद्धांजलि दी गई बाहरसे आए सभी रिश्तेदार और नगर वासियों के लिए परिवार की तरफ से तीर्थ भोजन की व्यवस्था की गई।

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष संजय यादव नहीं रहे

**धार।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश के ऊर्जावान उपाध्यक्ष बैतूल के स्वर्गीय संजय यादव जी के हृदयाघात से हुए आकस्मिक निधन के उपरांत भाजपा कार्यालय धार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। स्व. संजय यादव जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में दो पीढ़ियों से सेवा करते हुए राष्ट्रहित को सदैव सर्वोपरि रखा। भारतीय जनता पार्टी में नगर महामंत्री, नगर अध्यक्ष तथा अंतत: भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन को सुदृढ़ एवं मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यादव समाज में भी विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। उनका समर्पण, सरल व्यक्तित्व एवं संगठन के प्रति निष्ठा सदैव स्मरणीय रहेगी।

### नशा मुक्ति अभियान में दिलाई छात्रों को शपथ दिलाई

**डही ।** ग्राम गाजगोटा में शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल में कक्षा 09 से 12 वी के छात्र-छात्राओं को नशा मुक्ति अभियान के तहत नशा मुक्त करने की शपथ दिलाई गई। छात्र-छात्राओं नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया गया है।

### पुलिस को चमका देकर युवा कांग्रेस ने फूंका प्रधानमंत्री का पुतला!

**महू .** नीट पेपर लीक मामले और दिल्ली में छात्र-छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को महू शहर पूरी तरह छावनी में तब्दील रहा . स्थानीय प्रशासन और पुलिस की तमाम सख्तियों, भारी बल की तैनाती तथा एहतियाती गिरफ्तारियों को धता बताते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को पूरी तरह चकमा दे दिया . कार्यकर्ताओं ने अचूक रणनीति के तहत ड्रीमलैंड चौराहे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर उग्र प्रदर्शन किया . अचानक हुए इस घटनाक्रम से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पुलिसकर्मी जलते पुतले को बुझाते हुए नजर आए . कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आंदोलन को शुरू होने से पहले ही कुचलने के लिए कोतवाली पुलिस ने गुरुवार सुबह करीब 9 .30 बजे एक बड़ी एहतियाती कार्रवाई की . पुलिस ने युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष ओम पटेल को उस समय हिरासत में ले लिया, जब वे शहर के एक जिम में वर्कआउट कर रहे थे . पुलिस प्रशासन का मानना था कि पटेल के नेतृत्व में बड़ा बवाल हो सकता है . हालांकि, पुलिस की यह रणनीति धरी की धरी रह गई . अध्यक्ष की गैर-मौजूदगी में भी युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने पूरी ताकत के साथ प्रदर्शन को अंजाम दे दिया . इस प्रदर्शन के दौरान देवेंद्र अग्रवाल, रहमान शेख, अरुण गुर्जर, विवेक मीणा, आदर्श मीणा, अल अमन, गौरव शर्मा सहित सैकड़ो युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे .

### अभाविप सिमरोल ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**सिमरोल .** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सिमरोल नगर इकाई द्वारा विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य पर सिमरोल नगर का गौरव बढ़ाने वाले 150 से अधिक प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया. सिमरोल नगर मंत्री आदित्य मालीवाल ने बताया कि राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर विद्यार्थी परिषद सिमरोल नगर इकाई द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि कु. स्वाति मौर्य सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रप्रथम के भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया . कार्यक्रम में विशेष अतिथि अभाविप धार विभाग के विभाग संगठन मंत्री धीरज जायसवाल ने परिषद का गौरवशाली इतिहास बताया, परिषद केवल संगठन नहीं राष्ट्रनिर्माण की पाठशाला है, परिषद हर क्षेत्र में नेतृत्व खड़ा करते हुए व्यक्तिनिर्माण से राष्ट्रनिर्माण की ओर बढ़ रही है . कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी अभिभावक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे .

# वैदिक गणित के सरल तरीकों को समझाया



**इंदौर.** जीवन उमंग बालिका छात्रावास में एक ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. प्रगति जैन ने छात्रावास की बालिकाओं को वैदिक गणित एवं करियर काउंसलिंग विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया. सत्र के दौरान उन्होंने वैदिक गणित के सरल एवं प्रभावी तरीकों को समझाया, जिससे गणित के प्रश्नों को कम समय में एवं सहजता से हल किया जा सकता है. बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक इन विधियों को सीखा और अभ्यास किया. इसके साथ ही करियर काउंसलिंग सत्र में विभिन्न विषयों के चयन, उनके भविष्य के अवसरों तथा करियर विकल्पों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने बालिकाओं को उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुसार सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया इस अवसर पर विजय कुमार जैन एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, मन्डौत सिक्योरिटीज़ की उपस्थिति रही.

# कड़े सुरक्षा प्रबंधों के चलते नहीं निकल सकी स्टूडेंट्स जस्टिस मार्च व न्याय यात्रा

नवभारत न्यूज

इंदौर. दिल्ली में छात्रों और युवाओं पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई एवं लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को इंदौर में नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन (एनईवायू) द्वारा प्रस्तावित स्टूडेंट्स जस्टिस मार्च एवं न्याय यात्रा 3.0 पुलिस के कड़े सुरक्षा प्रबंधों के चलते शुरू होने से पहले ही रुक गई.

संगठन के अनुसार यह मार्च दीनदयाल गार्डन भोलाराम उस्ताद मार्ग से महात्मा गांधी प्रतिमा, रीगल स्क्रेयर तक निकाला जाना था. प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने पहले से ही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था कर दी थी. बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया, जिसके कारण मार्च आगे नहीं बढ़ सका. बताया गया कि पुलिस ने संगठन के कई पदाधिकारियों और छात्र नेताओं को एहतियातन हिरासत में लिया. संगठन का दावा है कि राधे जाट और सुरेंद्र यादव को पहले ही हिरासत में लिया गया था, गुरुवार सुबह यात्रा का नेतृत्व कर रहे अन्य छात्र नेताओं को भी अलग-अलग स्थानों से हिरासत में लिया गया. इसके बाद प्रस्तावित मार्च आयोजित नहीं हो सका. कानून-व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए शहर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम पुलिस अधिकारयों द्वारा किए गए थे. इसी के तहत संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन पर नजर रखी गई.






**आवाज दबाने दमनात्मक कार्रवाई की**

नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन ने प्रशासन की कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों को रोकना उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है . संगठन ने आरोप लगाया कि युवाओं की आवाज़ को दबाने के लिए दमनात्मक कार्रवाई की गई .

# माता-पिता के अकेलेपन व प्रतीक्षा को मंच पर किया जीवंत

**इंदौर.** आनंद मोहन माथुर की जन्मजयंती पर आनंद मोहन माथुर सभागृह में मार्मिक नाटक 'संध्या छाया' का मंचन किया गया. यह नाट्य सुप्रसिद्ध मराठी नाटककार जयवंत दलवी द्वारा लिखित एवं संदीप दुबे द्वारा निर्देशित है.

'संध्या छाया' आज के दौर में बदलते सामाजिक परिवेश की एक ऐसी संवेदनशील कहानी है, जो उन वृद्ध माता-पिता की पीड़ा, अकेलेपन और प्रतीक्षा को मंच पर जीवंत करती है, जिनके बच्चे उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए विदेश जाते हैं और वहीं स्थायी रूप से बस जाते हैं. माता-पिता अपने बच्चों के लौटने की आस में दिन-प्रतिदिन उँगलियों पर समय गिनते रहते हैं.



**इन्होंने निभाई भूमिका...**

मुख्य भूमिकाओं में संदीप दुबे (पिता), सपना जोशी (माँ), वेदांत विजयवर्गीय (बड़ा बेटा), ओपी सोमानी (दादा जी), देवेश श्रीवास्तव, आदित्य जैन, निर्मल जैन (पोस्टमैन), लावण्या साहू (शर्मीला) एवं पुलकित त्रिपाठी (नौकर) ने अपने अभिनय का जादू बिखेरा.



# नशे के दुष्प्रभाव से छात्रों को कराया अवगत

**इंदौर.** नशे से दूरी है बहुत ज़रूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान के अंतर्गत सुधा रामकृष्ण समिति द्वारा शासकीय संभागीय आई.टी.आई. इंदौर, बालक छात्रावास में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था.इस अवसर पर हीरा नगर थाना के टी.आई. सुशील पटेल एवं उनकी पूरी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही और विद्यार्थियों को कानून, सुरक्षा तथा नशे से दूर रहने का महत्वपूर्ण संदेश दिया

एक नजर में

व्यापारियों को हाईकोर्ट से स्टे नहीं मिलने के बाद नपा प्रशासन ने की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# नगर पालिका ने बस स्टैंड की 13 जर्जर दुकानों पर चलाया बुलडोजर

**झाबुआ।** नगर पालिका परिषद् और व्यापारियों के बीच बस स्टैंड की 13 दुकानों को लेकर चल रहीं खींचतान के बाद अंतत: नगरपालिका प्रशासन एवं परिषद् ने मिलकर शुक्रवार को बस स्टैंड की 13 जर्जर दुकानों पर बुलडोजर चला ही दिया । नगरपालिका द्वारा अब इन दुकानों का नवीन निर्माण किया जाएगा।

दुकान आवंटन में नीलामी प्रक्रिया अपनाने की बात नगरपालिका परिषद् की ओर से कहीं जा रहीं है। उल्लेखनीय है कि नगरपालिका परिषद् द्वारा पिछले करीब दो माह पूर्व इन 13 दुकानों को तोड़ने हेतु व्यापारियों को दुकाने खाली करने का नोटिस जारी किया गया था, जिसके बाद भी दुकानदारों द्वारा दुकाने खाली नहीं की गई। जिसके बाद नगरपालिका परिषद् द्वारा इन दुकानों को ताबड़तोड़ सील कर दिया गया। इससे पूर्व भी नपा प्रशासन में इन दुकानों के व्यापारियों को कई बार नोटिस जारी कर दुकान खाली करने एवं दुकाने डिस्मेंटल करने हेतु कार्रवाई किए जाने संबंधी पत्र व्यवहार किया जा चुका था। व्यापारियों द्वारा दुकानें नहीं खाली करने के साथ इस संबंध में न्यायालय की शरण ली गई। इसके साथ ही सकल व्यापारी संघ के साथ मिलकर जिलाधीश एवं नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा सीएमओ से भी कई बार संवाद स्थापित किया गया। नगरपालिका द्वारा इन दुकानों हेतु विशेष सम्मेलन का आयोजन भी पिछले दिनों नपा कार्यालय के सभा कक्ष में रखा गया। जिसमें परिषद् की बैठक में अधिकांश पार्षदों, अन्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बहुमत से यह निर्णय लिया गया कि इन 13 दुकानों को पीपीपी मोड पर डालने के साथ सभी दुकानों को जनहित में तोड़ा जाएगा। नगर पालिका परिषद् के इस निर्णय से व्यापारी सहमत नहीं हुए और उन्होंने इसका तीव्र विरोध किया। इसी बीच नपा सीएमओ और बस स्टैंड के इन 13 व्यापारियों की गोपनीय बैठक भी हुई, जिसमें भी व्यापारियों को केवल नगर पालिका अधिकारियों से दुकाने तोड़ने के बाद नवीन दुकानों की लागत के साथ उन्हें दिए जाने का आश्वासन ही मिला।



**अंतत: तोड़ी गई सभी 13 दुकानें :** काफी जद्दोजहद और मशक्कत के बाद नगरपालिका परिषद् ने बस स्टैंड की सभी 13 दुकानों पर 24 जुलाई, शुक्रवार सुबह ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए इन पर बुलडोजर चला दिया गया और सभी दुकानों का ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। अब नगरपालिका प्रशासन द्वारा यहां नवीन दुकाने बनाकर काम्प्लेक्स का निर्माण किया जाएगा। नगरपालिका परिषद् की ओर से प्राप्त जानकारी अनुसार जल्द ही नवीन दुकानों का निर्माण कर दुकान आवंटन में नीलामी की प्रक्रिया अपनाने की कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद मेन बाजार में रघुनंदन कांपलेक्स को भी तोड़कर नवीनीकरण किए जाने का कार्य किया जाना नगर पालिका परिषद् में प्रस्तावित है।